भोपाल करेगा आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग चैंपियनशिप की मेज़बानी

चर्चा में क्यों?

8 सितंबर, 2022 को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बताया कि अगले वर्ष मध्य प्रदेश पहली बार आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग (रायफल/पिस्टल) चैंपियनशिप की मेज़बानी करेगा।

प्रमुख बिंदु

- वर्ष 2023 में 20 से 31 मार्च के मध्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शूटर्स भोपाल के बिसनखेड़ी स्थित 'राज्य शूटिंग अकादमी ऑफ एक्सीलेंस' में अपना हुनर दिखाएंगे।
- मंत्री सिंधिया ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी ऑफ एक्सीलेंस सभी स्तर से अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करती है। अकादमी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहाँ पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज निर्मित है।
- उन्होंने कहा कि शूटिंग विधा में नित नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है और मध्य प्रदेश अकादमी में उच्च कोटि के अधो-संरचना निर्माण के साथ खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। यही कारण है कि अकादमी में देश के प्रतिष्ठित शूटर्स लगातार भोपाल शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण के लिये आते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhopal-to-host-issf-world-cup-shooting-championship